कुल प्रश्नों की संख्या : 
*Total No. of Questions :* 18

पृष्ठों की कुल संख्या : 
*Total No. of Pages :* 20

**समय : 3 घंटे**
Time : 3 Hours

**पूर्णांक :**
Full Marks : 100

**उत्तीर्णांक :**
Pass Marks : 30

## सामान्य निर्देश :
## GENERAL INSTRUCTIONS :

इस प्रश्न के **चार** खण्ड — (क), (ख), (ग) और (घ) हैं । चारों खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

(1) परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें ।

(2) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने उपांत में अंकित हैं ।

(4) प्रश्नों के उत्तर प्रश्नों के साथ दिये गये निर्देश के आलोक में ही लिखें ।

(5) 3 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में, 4 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में, 5 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में एवं 6 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 125 शब्दों में लिखें ।

### खण्ड - क

प्रश्न 1. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में संधि कीजिए : 2

(i) सर् + ज

(ii) पो + अन

(iii) गण + ईश ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का संधि-विच्छेद कीजिए : 2

(i) प्रत्येक

(ii) हिमालय

(iii) संसार ।

प्रश्न 2. निम्नलिखित पदों में से किन्हीं **दो** का समास विग्रह कीजिए और समास के भेद भी लिखिए : 4
घर-द्वार, गंगाजल, राजपुत्र ।

प्रश्न 3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) "आई" प्रत्यय जोड़कर एक शब्द बनाएँ । 1

(ख) वह <u>चाकू से</u> काटता है । ( रेखांकित का कारक बताएँ ) 2

(ग) किसी एक शब्द का वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्णय करें : 2

लालच, हीरा, पानी ।

(घ) ''अकुलाहट'' शब्द में प्रत्यय बताएँ । 1

(ङ) वह खेल रहा है । ( प्रश्नवाचक वाक्य में बदलें ) 2

(च) लड़के पढ़ते हैं । ( वाक्य को एक वचन में बदलें ) 1

प्रश्न 4. निम्न के निर्देशानुसार उत्तर दें :

(क) सीता ने भात ........................ ( खाना ) । (कोष्ठक के शब्द का शुद्ध रूप रिक्त स्थान में भरें ) 2

(ख) सूर्य निकला और कमल खिल उठे । ( वाक्य भेद लिखें ) 2

(ग) राजा-रानी आई थी । ( वाक्य शुद्ध करें ) 2

(घ) इतिहास, पृथ्वी का विशेषण बताएँ । 2

(ङ) सुरेन्द्र ने कहा मैं आज अस्वस्थ हूँ अत: विद्यालय नहीं जाऊँगा ( विराम चिह्न लगाएँ ) 2

## खण्ड - ख

प्रश्न 5. संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) <u>दहेज प्रथा :</u>

(i) दहेज प्रथा का अर्थ । (ii) दहेज प्रथा का कारण ।

(iii) दहेज प्रथा रोकने के उपाय । (iv) उपसंहार ।

(ख) <u>जीवन में खेल का महत्त्व :</u>

(i) खेल का अर्थ । (ii) खेल से लाभ ।

(iii) प्रिय खेल की विशेषता । (iv) उपसंहार ।

(ग) <u>पर्यावरण प्रदूषण :</u>

(i) पर्यावरण का अर्थ । (ii) पर्यावरण के प्रकार ।

(iii) पर्यावरण स्वच्छता । (iv) प्रदूषण नियंत्रण के उपाय ।

प्रश्न 6. परीक्षा में असफल हुए मित्र को पुन:अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए पत्र लिखें । ( 100 शब्दों में उत्तर दें ) 5

**अथवा**

चार दिनों की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के पास एक आवेदन पत्र लिखें । ( 100 शब्दों में उत्तर दें )

## खण्ड - ग

प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

''अन्य कलाओं की भाँति साहित्य, जीवन की अभिव्यक्ति है । साहित्य व्यक्ति और समाज के भावों और विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम है । इसमें हमारे सुख-दुख, हमारी आशा-निराशा, सफ़लता-असफ़लता, हमारे गुणों-अवगुणों का चित्रण रहता है । समाज के सभी अवयवों — अमीर-ग़रीब, भले-बुरे, युवा-वृद्ध सब का दिल और दिमाग़ स्पन्दित होता है । जिस समाज में साहित्य नहीं होता है उसके हृदय और मस्तिष्क की गति का लेखा-जोखा नहीं होता है । साहित्य ही समाज के विचारों को चिर स्थाई बनाता है ।''

(i) साहित्य किसका माध्यम है ? 1

(ii) जिस समाज में साहित्य नहीं होता, उसका विचार कैसा होता है ? 1

(iii) समाज के अवयवों का साहित्य द्वारा क्या होता है ? 1

(iv) इस अवतरण का एक उपयुक्त शीर्षक दें । 1

प्रश्न 8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

''दानवता की विजय
पराजय मानवता की
घोर अनय है ।
बात पराए की मत पूछो
हाय हमें अपनों से भय है ।

(i) किसकी विजय होती है ? 1

(ii) किसकी पराजय होती है ? 1

(iii) ''अनय'' का क्या अर्थ है ? 1

(iv) कवि को किस से भय है ? 1

## खण्ड – घ

प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

''आत्मा न तो कभी पैदा होती है, और न मरती है । वह अजर-अमर है और शरीर के नष्ट हो जाने पर भी विद्यमान रहती है ।

आत्मा का ज्ञान ही सच्चा ज्ञान है । ज्ञानी मनुष्य सब प्राणियों को अपने अन्दर और अपने आपको सब प्राणियों के अन्दर देखता है ।''

(i) उपर्युक्त गद्यांश जिस पाठ से उद्धृत किया गया है उस पाठ और उसके लेखक का नाम लिखें । 1

(ii) कौन-सी चीज़ है जो न कभी मरती है और न कभी पैदा होती है ? 2

(iii) सच्चा ज्ञान क्या है ? 2

प्रश्न 10. राजेन्द्र बाबू की वेश-भूषा में लेखिका को विचित्र स्वच्छंदवाद क्यों दिखाई दिया ? ( 125 शब्दों में उत्तर दें ) 6

**अथवा**

पठित पाठ के आधार पर स्वतंत्रता संग्राम में प्रेमचन्द के योगदान का उल्लेख करें । ( 125 शब्दों में उत्तर दें )

प्रश्न 11. ओणम पर्व की क्या विशेषताएँ हैं ? वर्णन कीजिए । ( 100 शब्दों में उत्तर दें ) 5

**अथवा**

यमराज ने आत्मा के स्वरूप के बारे में क्या बताया ? ( 100 शब्दों में उत्तर दें )

प्रश्न 12. (क) डॉ० चन्द्रा ने विज्ञान के अतिरिक्त और किन-किन क्षेत्रों में उपलब्धियाँ प्राप्त कीं ? 2

(ख) चिड़िया के किस व्यवहार से लेखक प्रभावित हो उठा ? 2

प्रश्न 13. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''पैदा कर जिस देश जाति ने तुमको पाला-पोसा
किए हुए हैं वह निज हित का तुम से बड़ा भरोसा
उससे होना उऋण प्रथम है सत्कर्त्तव्य तुम्हारा
फिर दे सकते हो वसुधा को शेष जीवन सारा ।

(i) कवि तथा कविता का नाम लिखें । 1

(ii) उपर्युक्त पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए । 2

(iii) कवि ''सत्कर्त्तव्य'' किन बातों को कहता है ? 2

प्रश्न 14. ''जागरण गीत'' **अथवा** ''प्रियतम'' का भावार्थ लगभग 80 शब्दों में लिखिए । 4

प्रश्न 15. प्रस्तुत काव्यांश का भाव-सौन्दर्य स्पष्ट करें : 3

''जागो जगती के सुप्त बात !
पलकों की पंखुरियाँ खोलो, खोलो मधुकर के अलस बंध
दृग भर
समेट तो लो यह श्री, यह काँति ।

प्रश्न 16. ''नदी ने अपनी निर्भीकता को कैसे प्रमाणित किया है ? ( **60** शब्दों में उत्तर दें ) 3

प्रश्न 17. अमीर ख़ुसरो ने भारत का गुणगान किन शब्दों में किया है ? ( लगभग **125** शब्दों में उत्तर दें ) 6

**अथवा**

डेढ़ हज़ार रुपए की खाई आईसक्रीम से लेखक को कैसे छुटकारा मिला ? ( लगभग **125** शब्दों में उत्तर दें )

प्रश्न 18. (क) महाश्वेता देवी की प्रमुख रचनाओं का वर्णन करें । ( **100** शब्दों में उत्तर दें ) 5

**अथवा**

कवि कंबन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें । ( **100** शब्दों में उत्तर दें )

(ख) संत तुकाराम के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें । ( **80** शब्दों में उत्तर दें ) 4

**अथवा**

शिक्षा के बारे में विद्यार्थी जी के क्या विचार थे ? स्पष्ट करें । ( **80** शब्दों में उत्तर दें )